






### एक नजर में

## दशोरा समाज द्वारा मंदसौर कुलदेवी का पूजन 21 जून को



**मन्दसौर।** दशोरा समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार शिवना नदी के मध्य विराजित समाज की कुलदेवी का वार्षिक पूजन दिनांक 21 जून रविवार को किया जावेगा। कुलदेवी ट्रस्ट के प्रवक्ता आनंद दशोरा एवं मंदसौर के स्थानीय प्रवक्ता जयेश नागर द्वारा जानकारी दी गई कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष माता शिवना के किनारे स्थित समाज की कुलदेवी का वार्षिक पूजन किया जाता है। जो इस वर्ष 21 जून को होगा। जिसमें मध्यप्रदेश के उज्जैन, इन्दौर, खंडवा, खरगोन, धार, झाबुआ, बडवानी, भोपाल, हरदा, होशंगाबाद व राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं गुजरात से 2 हजार से अधिक समाजजन उपस्थित होने की संभावना है। जिसमें भगवान पशुपतिनाथ का अभिषेक पूजन, कुलदेवी का पूजन हवन एवं महाआरती के साथ समाज बंधूओ के लिये निशुल्क यज्ञो पवित्र संस्कार का आयोजन भी किया जावेगा। आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने एवं महाप्रसादी की व्यवस्था पशुपतिनाथ गेस्ट हाउस, पशुपतिनाथ मंदिर के पास रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय महाराणा विश्वराजसिंह मेवाड़ विधायक नाथद्वारा होगें एवं विशेष अतिथि श्रीमती रमा गुर्जर, अध्यक्ष नगर पालिका मंदसौर रहेगें। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेशचन्द्र दशोरा उज्जैन, सचिव रविन्द्र गुप्ता सेगांव, कुलदेवी पूजन समिति अध्यक्ष दामोदरदास सुगंधी के द्वारा उक्त कार्यक्रम में सभी समाजजनो से अधिक से अधिक संख्या मे पधारने का अनुरोध किया गया।

## मेघवाल समाज संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

**मन्दसौर।** मेघवाल समाज संघ के प्रांताध्यक्ष रामेश्वर राठौर, प्रान्तीय सचिव के.सी. सोलंकी ने सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं समाज के लिए सदैव समर्पित रहने वाले समाज सेवियों को प्रदेश कार्यकारिणी में नियुक्तियाँ प्रदान कीं। फूलचंद सजोदिया प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रमेशचन्द सूर्यवंशी (खोरना, भूतपूर्व सरपंच, आगर) को प्रदेश कार्यकारिणी में महासचिव के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। साथ ही उज्जैन व मंदसौर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्तियाँ की गई। सामाजिक सेवा से ओत-प्रोत समाज सेवी वन विभाग से सेवानिवृत्त प्रतापलाल गेहलोत (पूर्व फॉरेस्ट रेंजर) को मंदसौर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिससे मंदसौर जिले के समाज जनों में हर्ष की लहर है। साथ ही मेघवाल समाज के युवा संगठन को गति देने हेतु सक्रिय युवा समाज सेवी अशोक मेघवाल साजलपुर भानपुरा को युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बाबा साहब के विचारों से ओत-प्रोत समाज सेवी विष्णु ररोतिया (मूदेड़ी, पिपल्यामंडी) को मेघवाल समाज संघ का जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं मल्हारगढ़ तहसील के संरक्षक पद पर किशनलाल चौहान को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार प्रान्तीय परामर्शदाता राधेश्याम केहरवाल उज्जैन की अनुशंसा पर उज्जैन जिले के अध्यक्ष पद पर कबीर वाणी को जन-जन तक पहुँचाने वाले, कुरीतिवादी परम्परा पर भजनों के माध्यम से अंकुश लगाने वाले समाज सेवी बाबूलाल रागोठा को उज्जैन जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं उज्जैन जिले के संरक्षक पद पर अम्बाराम थावर, वरिष्ठ समाज सेवी को नियुक्त किया। साथ ही महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु श्रीमती शकुंतला परमार, मंदसौर को महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, मेघवाल समाज संघ, जिला मंदसौर के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इस अवसर पर मेघवाल समाज संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष रामेश्वर राठौर एवं प्रान्तीय सचिव के.सी. सोलंकी, कोषाध्यक्ष शंकरलाल राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरलाल बामनिया, प्रदेश महासचिव रतनलाल बसेर, किशनलाल जागड़े, गणेशराम आर्य, सुखलाल चरेड, रघुनंदन श्रीमाल, ब्रजलाल बामनिया, शांतिलाल श्रीमाल, मांगीलाल परमार, लक्ष्मीचंद विजय, कैलाश कथिरिया, मोहनलाल सूर्यवंशी (जावरा), मोहनलाल यादव झाबुआ जिलाध्यक्ष, प्रभूलाल मेघवाल नीमच, यशवन्त चन्देल (एड.), जगदीश मेघवाल जिलाध्यक्ष नीमच, गोपाल सूर्यवंशी व गोविन्दराम वर्मा (नीमच), पी.सी. भारती, डॉ.डी.आर. कस्तुरिया, जगदीश सूर्यवंशी सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी एवं संगठन को मजबूत बनाने हेतु सहयोग करने की अपील की।

# राष्ट्रभक्ति, त्याग और स्वाभिमान की प्रेरणा हैं महाराणा प्रताप : बंशीलाल गुर्जर

▶ **जिला राजपूत समाज संगठन के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य चल समारोह एवं सामाजिक सभा आयोजित**




**मंदसौर।** जिला राजपूत समाज संगठन के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर भव्य चल समारोह एवं सामाजिक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट्रभक्ति, त्याग और स्वाभिमान के अद्वितीय प्रतीक हैं। उन्होंने घास की रोटी खाकर भी राष्ट्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया, लेकिन कभी समझौता नहीं किया। नई पीढ़ी को उनके जीवन से राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सभी को साथ लेकर चलने की भावना सिखाती है। वर्तमान समय में परिवारों के विघटन और सामाजिक संतुलन के बिगड़ने पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार व्यवस्था समाज को मजबूत बनाती है और सामाजिक नेतृत्व का आधार भी यही है। समारोह में समाज के संरक्षक एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक जाति या समाज तक सीमित नहीं हैं। उनका जीवन सभी वर्गों और जातियों को साथ लेकर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आयोजन में सहयोग के लिए नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर का आभार भी व्यक्त किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर ने कहा कि महाराणा प्रताप का स्मरण हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने पन्नाधाय के त्याग का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र और समाज की रक्षा के लिए अपने पुत्र का बलिदान देने जैसी मिसाल इतिहास में विरल है।

> नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी गुर्जर ने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप के जीवन से त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा लेकर अपने चरित्र का निर्माण करना चाहिए। वहीं नगर परिषद शामगढ़ अध्यक्ष श्रीमती कविता यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य और पराक्रम की गाथाएं युवाओं तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला राजपूत समाज संगठन के जिलाध्यक्ष ठा. रूघनाथसिंह काचरिया ने अतिथियों का स्वागत किया तथा समाज की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने समाजजनों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में महाराणा प्रताप जयंती को और अधिक भव्य रूप से आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। सभा को तेजपालसिंह धाकड़ी, अजयसिंह चौहान, शिवराजसिंह घटावदा एवं अशोकसिंह जादौन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा ने किया तथा आभार भूपेन्द्रसिंह राठौर ने माना। इस अवसर पर शामगढ़ नगर परिषद द्वारा बहुमूल्य चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित किए जाने पर जिला राजपूत समाज एवं शामगढ़ इकाई की ओर से विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। निकला भव्य चल समारोह - महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित भव्य चल समारोह का शुभारंभ जिलाध्यक्ष रूघनाथसिंह काचरिया एवं ट्रस्ट अध्यक्ष अजयसिंह चौहान द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों ने चल समारोह का स्वागत किया।

## अपना घर की बालिकाएं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कर रही अभ्यास

**मंदसौर।** सीतामऊ फाटक स्थित स्वाध्याय मंच अपना घर की बालिकाएं विश्व योग दिवस 21 जून का अभ्यास कर रही है। पतंजलि योग गुरु बंशीलाल टांक द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। टांक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के साथ ही बालिकाएं बचपन से ही शरीर से पूर्ण स्वस्थ रहकर शरीर बलिष्ठ बलवान होकर प्रत्येक कठिन,विषम परिस्थिति में बिना हिम्मत हारे डटकर सामना मुकाबला कर सके इसके लिये कठिन व्यायाम दण्ड बैठक, योगिक जोगिक आसन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी बच्चियां बहुत उत्साह, उमंग, लगन से अनुशासनबद्ध होकर योगाभ्यास कर रही है।

## मंदसौर जिला माहेश्वरी समाज के चुनाव निर्विरोध संपन्न, सत्यनारायण मंत्री बने जिला अध्यक्ष

**मंदसौर।** जिला माहेश्वरी समाज के संगठनात्मक चुनाव हाल ही में सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने में जिला चुनाव अधिकारी दिनेश डागा, प्रदेश चुनाव पर्यवेक्षक मांगीलाल अजमेरा तथा पश्चिम मध्य प्रदेश प्रादेशिक सभा के प्रतिनिधि मनोहर तोषनीवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति और आपसी सहमति से आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध किया गया।

नई कार्यकारिणी में पिपलियामंडी के सत्यनारायण मंत्री को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दलोदा के मांगीलाल राठी और मंदसौर के अशोक मंडोवरा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समाज के प्रशासनिक कार्यों को गति देने के लिए दलोदा के राजेश सोमानी को जिला सचिव मनोनीत किया गया है, जबकि दलोदा के ही जुगल तोतला और मंदसौर के संजय मंडोवरा सह-सचिव के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। कार्यकारिणी के अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पिपलियामंडी के अनिल मूंदड़ा को कोषाध्यक्ष, मंदसौर के शिव प्रकाश काबरा को संगठन मंत्री तथा दलोदा के मुरली धर चिचानी को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रादेशिक स्तर पर समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिए बाबूलाल डागा, हरिवल्लभ मालू, महेश बंकट सोमानी और महेश केशरीमल सोमानी को प्रदेश प्रतिनिधि चुना गया है।

# रोटरी क्लब मंदसौर का 50 वाँ अधिष्ठापन समारोह

**मन्दसौर।** रोटरी स्वर्ण जयंती वर्ष का अधिष्ठापन समारोह स्थानीय नक्षत्र गार्डन में सम्पन्न हुआ। जिसमें अनिल चौधरी ने अध्यक्ष पद का तथा संजय जैन श्वेता ने सचिव पद का पदभार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब मंदसौर सेवा के सभी आयामों पर प्रकल्प आयोजित करें। योग शिविर और आयुर्वेद शिविर आयोजित कर जन-जन को स्वस्थ बनायें। आपने रोटरी के डायलिसिस प्रकल्प की सराहना भी की।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि जन जागरूकता वाले व्यापक कार्य रोटरी क्लब अपने हाथ में लेवें। नई पीढ़ी को शुद्ध हवा, पानी व स्वस्थ वातावरण मिले इस हेतु पर्यावरण पर फोकस कर कार्य करें। रोटरी मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी ने कहा कि नये पदाधिकारी संकल्प लेकर सेवा कार्य करें। आपने कहा कि सात प्रमुख कार्य क्षेत्र में ऐसा कार्य करे जिसका प्रभाव स्थाई हो। आपने कहा कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय के सात प्रमुख कार्य क्षेत्र में पर्यावरण, सामुदायिक विकास, शिक्षा और साक्षरता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, जल स्वच्छता और स्वास्थ्य, रोग निवारण और उपचार आदि प्रमुख हैं। आपने सघन पौधारोपण करने की भी अपील की। पदग्रहण अधिकारी सीए नितिन डफरिया ने कहा कि मंडल में रोटरी क्लब मंदसौर का विशिष्ट स्थान है। अगले वर्ष में भी सेवा की कोई बड़ी परियोजना क्लब अपने हाथ में लेवें।

### ▶ टीम वर्क से ही सभी कार्य संभव : अनिश मलिक

पीडीजी अनिश मलिक ने कहा कि टीम वर्क से ही सभी कार्य संभव है, आपने कहा कि सकारात्मक सोच से कार्य करे सफलता अवश्य मिलेगी। रोटरी मंडलाध्यक्ष 27-28 मुकेश साहु ने कहा कि पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम रोटरी के कारण ही संभव हो पाया। आपने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है। विशेष अतिथि रोटरी मंडलाध्यक्ष 28-29 सुखदेव सिंह घुम्मन ने कहा कि रोटरी क्लब विश्व के लगभग सभी देशों में है। आपने कहा कि रोटरी सदस्य बनने के बाद आप विश्व के किसी भी कोने में कोई आवश्यक कार्य स्थानीय रोटरी क्लब के माध्यम से हो सकता है। एजी प्रकाश सेठिया ने नवीन पदाधिकारियों को शुभकामना दी। आगामी अध्यक्ष अनिल चौधरी ने वर्ष 26-27 की रुपरेखा रखी। उन्होंने कहा कि रोटरी ग्रांट्स से प्रोजेक्ट अगले वर्ष भी किये जायेंगे। आपने कहा कि जुलाई माह में सघन पौधारोपण किया जावेगा। प्रारंभ में स्वागत भाषण भूपेन्द्र सोनी अध्यक्ष (25-26) ने दिया। सचिव प्रतिवेदन एलईडी के माध्यम से कपिल भंडारी ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व अध्यक्ष सीए दिनेश जैन व संजय जैन ने किया। कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा मनीष गर्ग ने की। रोटरी प्रार्थना का वाचन कोषाध्यक्ष पवन सेठिया ने किया। चतुर्विध मंत्र का वाचन मंडल सचिव प्रवीण उंकावत ने किया। दुर्गा स्तुति कनुप्रिया जोशी ने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की। स्वागत गीत व स्वागत नृत्य विराट चौधरी, खुश चौधरी, शिवांश चौधरी, द्रव्या चौधरी आदि ने किया।

# गुजराती सेन समाज का पदग्रहण समारोह, नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला दायित्व

**मंदसौर।** गुजराती सेन समाज जिला मंदसौर का पदग्रहण समारोह बंजारी बालाजी परिसर में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न संगठनों के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण कर समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। समाज के चुनाव में निर्वाचित जिला अध्यक्ष बलराम राठौर कचनारा, एवं युवा अध्यक्ष किशोर सेन (मानपुरा) सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। इनमें महिला संघ की जिला अध्यक्ष हेमलता सोलंकी, कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष प्रहलाद खटोड़ (अध्यापक), हेयर सैलून संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश चौहान बरखेड़ा, उद्योग एवं व्यापार संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप सोलंकी, धार्मिक मामलों के प्रभारी पवन व्यास तथा मीडिया संघ के जिला अध्यक्ष महेश सेन लुनाहेड़ा द्वारा भी पदभार ग्रहण किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर




उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मदनलाल राठौर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, अखिल भारतीय युवा सेन समाज प्रदेश अध्यक्ष विजय भाटिया (भानपुरा), सेन वाटिका नीमच के अध्यक्ष रमन गेहलोत, मुल्की मंदिर संधारा के अध्यक्ष सुरेश सेन, मंडल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया, कांग्रेस युवा नेता सोमिल नाहटा एवं मनोहर नाहटा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप सेन निडर, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष संजय चौहान बोलिया, समाजसेवी हरिनन्दन बोराना, पार्षद गरिमा भाटी, जिला संरक्षक महिला संगठन भारती चौहान, श्याम बोराना, कोरोना योद्धा डॉ. राजेश बोराना सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज जन मौजूद रहे।

> इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बलराम राठौर ने कहा कि समाज में भारी उत्साह और उमंग का माहौल है। आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न संगठनों के माध्यम से समाज के प्रत्येक परिवार तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही युवा वर्ग को समाज सेवा से जोड़कर समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## नीमच

### एक नजर में

## कृति संस्था ने महाराणा प्रताप को याद किया



**नीमच।** कृति संस्था नीमच द्वारा महाराणा प्रताप जन्म जयन्ति पर उन्हें याद करते हुए प्रताप प्रतिमा नीमच सिटी और ग्वालटोली स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यो का स्मरण किया। इस अवसर पर विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, सचिव रघुनन्दन पाराशर, सदस्य किशोर जेवरिया, बाबूलाल गौड़, प्रकाश भट्ट, भरत जाजू, जीवन कौशिक, कामलेश जायसवाल, मुकेश कासलीवाल, श्याम थोरेचा, अक्षय पुरोहित, शरद पाटीदार के साथ गायक सलीम, महिपालसिंह चौहान, अनील डबकरा, दिलीप दुबे सहित नागरिकगण उपस्थित थे। गायक सलीम ने महाराणा प्रताप पर भावपूर्ण गीत और सत्येंद्र सक्सेना ने कविता प्रस्तुत की । कृति अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप महान योद्धा और स्वतन्त्रता प्रेमी थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में अकबर को चैन से बैठने नही दिया। महाराणा प्रताप के पदचिन्हों पर चलकर ही हम सपनी स्वतन्त्रता और सनातन संस्कृति की रक्षा कर सकते हैं।

## नगर पालिका कार्यालय में आज प्रधानमंत्री आवास एवं स्वनिधि लोक कल्याण मेला

**नीमच।** कलेक्टर के आदेश अनुसार नगर पालिका कार्यालय नीमच में 18 जून को प्रातः 11:00 बजे से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास एवं स्वनिधि लोक कल्याण मेले का आयोजन समस्त शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के उद्देश से किया जा रहा है। संपूर्ण मध्य प्रदेश की तरह नीमच में भी आयोजित इस लोक कल्याण मेले में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, राशनकार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, पोस्ट ऑफिस की योजनाएं, संत रविदास स्वरोजगार योजना, पशुपालन विभाग के सी सी, बैंको में प्रचलित वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# टेंपो से उतरते ही पिकअप ने युवक को कुचला

▶ **मौत, माता-पिता के साथ खेड़ा माताजी मंदिर से लौट रहा था, अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ा**

**नीमच।** बघाना थाना क्षेत्र में धनेरिया कला मार्ग पर मंगलवार देर शाम सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। युवक अपने माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल से लौट रहा था। टेंपो से उतरते ही पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

खेड़ा माताजी मंदिर से लौटते समय हुआ हादसा

मृतक की पहचान रोहित (20) पिता अशोक शाह के रूप में हुई है। रोहित मूल रूप से बिहार का निवासी था और वर्तमान में परिवार के साथ उदयपुर (राजस्थान) में



> **टेंपो से उतरते ही पिकअप ने मारी टक्कर**
>
> प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धनेरिया के पास रोहित टेंपो से नीचे उतरा। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार और अनियंत्रित पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

रह रहा था। मंगलवार को वह अपने माता-पिता के साथ राजस्थान स्थित प्रसिद्ध खेड़ा माताजी मंदिर में दर्शन करने गया था। दर्शन के बाद परिवार ऑटो-टेंपो से धनेरिया कला होते हुए नीमच लौट रहा था।

अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ दिया दम-घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के ईएमटी राहुल राठौर और पायलट दशरथ व्यास मौके पर पहुंचे।

## मोहर्रम को लेकर मनासा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**मनासा।** मंगलवार की देर शाम 5 बजे मनासा थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, ताजिया कमेटियों के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों व पत्रकारों के बीच ताजिया जुलूस के मार्गों, समय, सुरक्षा और बिजली-सड़क जैसी व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। बैठक में थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी ने सभी पक्षों से मोहर्रम का त्योहार आपसी सद्भाव और परंपरा के अनुसार मनाने की अपील की गई। एवं ताजियों के जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट से बचने और अफवाहों पर ध्यान न देने की सख्त हिदायत दी गई है।



## नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, 1 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

**रामपुरा।** नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी एवं उनके विरुद्ध अपराध करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के तहत थाना रामपुरा पुलिस ने एक वर्ष से फरार अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक नीमच राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल एवं प्रभारी एसडीओपी मनासा निकिता सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विपिन मसीह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार 14 जून 2025 को ग्राम सोनड़ी निवासी बाबूलाल बंजारा ने थाना रामपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री 13 जून की सुबह घर से शौच के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज किया गया था।



## श्री झूलेलाल मंदिर पर हर्षोल्लास से मनाया द्वितीय 'ज्येष्ठ चंद्रदर्शन', उमड़ा समाज

**नीमच।** श्री सुखमणि सेवा मंडल समिति एवं श्री झूलेलाल मंदिर के सयुक्त तत्वावधान में मंगलवार, 16 जून को सायंकाल 6 बजे स्थानीय विकास नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर 'जेठ जो चंड्र' पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर भगवान श्री झूलेलाल जी की आकर्षक प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम श्री झूलेलाल बहराणा समिति के प्रसिद्ध भजन प्रवाहक पुरुषोत्तम लखवानी, सुरेश 'कान्हा' मूलचंदानी और दिलीप लालवानी ने श्री झूलेलाल के मधुर मधुर भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। तदोपरांत आरती, पल्लव, अरदास कर भोजन प्रसादी (लंगर) का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष 'मुखी' ईश्वर आहूजा, महासचिव महेश वर्धानी, सचिव संतोष कोटवानी, कोषाध्यक्ष पूरण रामचंदानी, मीडिया प्रभारी लोकेंद्र फतनाणी, पुरुषोत्तम लखवानी, दिलीप लालवानी, घनश्याम वलेचा इत्यादि सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां, बच्चे एवं समाजजन उपस्थित रहे।

**एक नजर** ▶ **जमीन विवाद में भाभी-भतीजे को भी लाठी-डंडे मारे, नीमच में गुस्साए परिजन ने किया चक्काजाम**

# आंखों में मिर्च झोंक कर भाई की हत्या

**नीमच। जिले की जावद तहसील के कानका गांव में बुधवार को जमीन विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि एक शख्स ने बाहरी लोगों के साथ मिलकर अपने सगे भाई की हत्या कर दी। हमले में मृतक की पत्नी और बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। आरोपी की गिरफ्तारी तक पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।**

मामले में आक्रोशित परिजनों ने मांगों को लेकर शहरी हाईवे पर



केंट थाने के पास चक्का जाम कर दिया है। आवाजाही पूरी तरह से रोक दी। जिसमें कई ट्रक-बस और बाइक जाम में फंस गए । पुलिस ने रूट डायवर्ट किया गया है जिसके बाद लोगों को अपना मार्ग बदलकर निकलना पड़ रहा है। चक्का जाम की सूचना मिलते ही कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा और कैंट पुलिस भी पहुंची है। फिलहाल परिजनों को समझाइए दी। जमीन विवाद ने लिया खूनी रूप-पुलिस के अनुसार, कानका गांव में दो सगे भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि रामनिवास ने अपने भाई पूरणमल पिता बद्रीलाल तेली पर हमला करने के लिए बाहरी लोगों को बुलाया था। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, हमलावर हथियारों से लेकर पहुंचे थे।

> **मिर्च पाउडर फेंककर किया हमला**
>
> आरोप है कि हमलावरों ने पहले पूरणमल और उनके परिवार के सदस्यों की आंखों में सूखी लाल मिर्च का पाउडर फेंका। इसके बाद धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में पूरणमल को गंभीर चोटें आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले में पूरणमल की पत्नी संपत बाई भी गंभीर रूप से घायल हो गई।